भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

दिनांक : 28.03.2020

बाजार में बिक रहे हैंड सेनेटाइजर से काफी कम दाम पर हो जायेगा तैयार

फिटकरी से बनाया सेनेटाइजर

उपलब्धि

आईआईटी बीएचयू

- जैव रासायनिक अभियांत्रिकी स्कूल ने बनाया, बांटेगा नुस्खा
- भारत में बरसों से इसका इस्तेमाल शेविंग के बाद किया जाता है

वाराणसी | कार्यालय संवाददाता

फिटकरी से हम सभी लोग परिचित है। इसके एंटीसेप्टिक गुणों के बारे में भी सबको पता है, क्योंकि बचपन से ही सभी के घरों में फिटकरी किसी न किसी रूप में उपयोग होती आ रही है। घर में अमूमन इसका मुख्य स्थान शेविंग किट में है। इसका उपयोग प्रायः आफ्टर शेव के रूप में किया जाता है। यह जानकर हैरानी होगी कि आईआईटी बीएचयू ने इसके उपयोग से एक सस्ता और उच्च गुणवत्ता वाला कोरोना फाइटर हैंड सेनेटाइजर तैयार कर लिया है। यह बाजार में मिलने वाले अल्कोहलयुक्त सेनेटाइजर से करीब तीन गुना सस्ता है। इसे तैयार करना भी बहुत ही आसान है।

आईआईटी बीएचयू के जैव रासायनिक अभियांत्रिकी स्कूल ने फिटकरी से जो हैंड सेनेटाइजर तैयार किया है, वह उच्च गुणवत्ता वाला है। प्रो. विशाल मिश्र और शोधार्थियों की टीम ने इसे आम लोगों के लिए बनाया है।

बाजार में एक तो सेनेटाइजर की कमी है, वहीं इसकी कीमत भी ज्यादा होती है। इस वजह से अधिकांश लोग इसका उपयोग नहीं कर पाते। इस समय कोरोना (कोविड-19) को हराने के लिए सभी लोग अपने-अपने स्तर से प्रयास कर रहें हैं। ऐसे में बिना पानी बरबाद किए जीवाणुओं को मारने का सबसे बेहतर विकल्प अल्कोहल युक्त सेनेटाइजर ही है।

आईआईटी बीएचयू इसका फार्मूला भी सार्वजनिक करने की तैयारी में है, ताकि लोग इसे आसानी से अपने घरों पर तैयार कर कोरोना से खुद को बचा सकें। विभाग इसे लोगों के लिए 'नो प्रॉफिट नो लॉस' की तर्ज पर लोगों के लिए तैयार करेगा। इसे बाजार में उपलब्ध कराने में अभी समय लगेगा, लेकिन जिस किसी को भी फिटकरी वाले हैंड सेनेटाइजर की जरूरत हो वह विभाग में सम्पर्क कर इसे बनाने की विधि जान सकता है। अथवा सामग्री देकर सेनेटाइजर बनवा सकता है।

फिटकरी से बना सेनेटाइजर।

प्रो. विशाल मिश्र।

ऐसे बनाया सेनेटाइजर

आईआईटी बीएचयू जैव रासायनिक अभियांत्रिकी स्कूल के प्रो. विशाल मिश्र ने बताया कि फिटकरी वाला सेनेटाइजर बनाने में फिटकरी का पाउडर, गुलाब जल और अब्सोल्यूट एल्कोहल के साथ थोडी मात्रा में पानी मिलाने की जरूरत होती है। इससे तैयार सेनेटाइजर हाथ में लगाने पर जीवाणुओं को मार देता है। हवा के सम्पर्क में आने पर यह उड़ जाता है, इसलिए हाथ चिपचिपा भी नहीं रहता है। गुलाब जल की खुशबू बनी रहती है। एक लीटर फिटकरी वाला सेनेटाइजर बनाने में करीब 430 रुपये का खर्च पड़ता है। बाजार में मिलने वाला सेनेटाइजर 12 से 18 सौ रुपये लीटर पड़ता है।

फिटकरी सदियों से कारगर : शेविंग के बाद प्रयोग की जाने वाली फिटकरी कारगर एंटीसेप्टिक है। इसका प्रयोग स्वास्थ्य के लिए सदियों से होता रहा है।